# 2022
# भूगोल
## (Geography)

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**नोट / Note :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

*First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.*

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक बहु-विकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या 9 से 16 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 20 शब्दों में, प्रश्न संख्या 17 से 22 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में और प्रश्न संख्या 23 तथा 24 विस्तृत उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए। प्रश्न संख्या 25 एवं 26 मानचित्र कार्य से सम्बन्धित हैं।

(iii) सभी प्रश्नों के लिये निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(iv) उपयुक्त रेखा-मानचित्रों एवं आरेखों द्वारा अपने उत्तरों की पुष्टि कीजिए।

**Instructions:**

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question Nos. 1 to 8 are Multiple Choice Type. Question Nos. 9 to 16 are Very Short Answer Type to be answered in about 20 words each. Question Nos. 17 to 22 are Short Answer Type to be answered in about 50 words each and Question Nos. 23 and 24 are Long Answer Type to be answered in about 150 words each. Question Nos. 25 and 26 are map related questions.

(iii) Marks allotted to all the questions are mentioned against them.

(iv) Illustrate your answers with suitable sketch maps and diagrams.

## [ बहु-विकल्पीय प्रश्न ]

## [Multiple Choice Type Questions]

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :**

*Write the correct answers of the following questions in your answer-book:*

1. निम्नलिखित विद्वानों में से किसने नवनिश्चयवाद की संकल्पना प्रस्तुत किया ? **1**

अ) ग्रिफिथ टेलर

ब) ई. सी. सेम्पुल

स) जीन ब्रून्ह

द) विडाल डि ला ब्लाश।

*Who amongst the following scholars presented the concept of neo-determinism?* **1**

a) Griffith Taylor

b) E. C. Semple

c) Jean Brunhes

d) Vidal de la Blache.

2. जनसंख्या आकार के अनुसार वृहत्तम महाद्वीप है : **1**

अ) अफ्रीका

ब) उत्तरी अमेरिका

स) एशिया

द) यूरोप।

*The largest continent according to the population size is* **1**

a) Africa

b) North America

c) Asia

d) Europe.

3. निम्नलिखित में से प्राथमिक क्रिया नहीं है : **1**

अ) आखेट

ब) कृषि

स) खनन

द) विनिर्माण।

*Which one of the following is not a primary activity?* **1**

a) Hunting

b) Agriculture

c) Mining

d) Manufacturing.

4. निम्नलिखित में से कौन एक ग्रामीण बस्तियों की मुख्य आर्थिक क्रिया है ? **1**

अ) प्राथमिक

ब) द्वितीयक

स) तृतीयक

द) चतुर्थक।

*Which one of the following types of economic activities dominates in all the rural settlements?* **1**

a) Primary

b) Secondary

c) Tertiary

d) Quaternary.

5. निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व सबसे अधिक पाया जाता है ? **1**

अ) केरल

ब) बिहार

स) उत्तर प्रदेश

द) पश्चिम बंगाल।

*In which of the following states of India is the density of population the highest?* **1**

a) Kerala

b) Bihar

c) Uttar Pradesh

d) West Bengal.

6. भारत का बोकारो शहर किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है ? **1**

अ) सीमेन्ट उद्योग

ब) सूती वस्त्र उद्योग

स) लौह-इस्पात उद्योग

द) चीनी उद्योग।

*Bokaro city of India is famous for which one of the following industries?* **1**

a) Cement industry

b) Cotton Textile industry

c) Iron and steel industry

d) Sugar industry.

7. निम्नलिखित में से किस राज्य से होकर इन्दिरा गांधी नहर जाती है ? **1**

अ) राजस्थान

ब) मध्य प्रदेश

स) उत्तर प्रदेश

द) गुजरात।

*Through which of the following states of India, Indira Gandhi canal passes?* **1**

a) Rajasthan

b) Madhya Pradesh

c) Uttar Pradesh

d) Gujarat.

8. निम्नलिखित में से कौन नगरीकरण की समस्या नहीं है ? **1**

अ) मलिन बस्तियां

ब) विस्तृत कृषि

स) औद्योगीकरण

द) यातायात की समस्या।

*Which one of the following is not a problem of urbanization?* **1**

a) Slum area

b) Extensive agriculture

c) Industrialization

d) Traffic problems.

## [ अति लघु उत्तरीय प्रश्न ]
## [Very Short Answer Type Questions]

9. 'मानव संसाधन' से क्या तात्पर्य है ? **2**

*What is meant by 'Human Resource'?* **2**

10. विश्व के अधिक जनसंख्या वाले किन्हीं दो देशों के नाम लिखें। **1 + 1 = 2**

*Write the names of any two countries of the world having high population.* **1 + 1 = 2**

11. प्राथमिक एवं द्वितीयक क्रियाओं में विभेद कीजिए। **1 + 1 = 2**

*Differentiate between primary and secondary activities.* **1 + 1 = 2**

12. गुच्छित बस्तियों को परिभाषित कीजिए। **2**

*Define clustered settlements.* **2**

13. उत्तर प्रदेश के दस लाखी नगरों की विशेषताओं का परीक्षण कीजिए। **2**

*Examine the characteristics of million cities of Uttar Pradesh.* **2**

14. प्रकार्यों के आधार पर भारतीय नगरों को प्रमुख प्रकारों में विभाजित कीजिए। **2**

*Divide Indian towns into major types on the basis of functions.* **2**

15. भारत में ग्रामीण बस्तियों के प्रकारों का वर्णन कीजिए। **2**

*Describe the types of rural settlements in India.* **2**

16. भारत में जल संरक्षण के उपायों का वर्णन कीजिए। **2**

*Describe the methods of water conservation in India.* **2**

## [ लघु उत्तरीय प्रश्न ]
## [Short Answer Type Questions]

17. जनांकिकीय संक्रमण की अवस्थाओं की विवंचना कीजिए। **4**

*Describe the stages of demographic transition.* **4**

18. भारत में घटते लिंगानुपात के कारणों का उल्लेख कीजिए। **4**

*Mention the causes of declining sex-ratio in India.* **4**

19. विकासशील देशों में नगरीय बस्तियों की समस्याओं की विवेचना कीजिए। **4**

*Discuss the problems of urban settlements in the developing countries.* **4**

20. भारत में जनसंख्या वृद्धि तथा वितरण की विवंचना कीजिए। **2 + 2 = 4**

*Discuss the growth and distribution of population in India.* **2 + 2 = 4**

21. भारत में पेट्रोलियम संसाधनों का वर्णन कीजिए। **4**

*Describe the petroleum resources of India.* **4**

22. मानव भूगोल के प्रमुख उप-क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए। **4**

*Mention the main sub-fields of human geography.* **4**

## [ विस्तृत उत्तरीय प्रश्न ]
## [Long Answer Type Questions]

23. मानव भूगोल के प्रकृति एवं विषय क्षेत्र का वर्णन कीजिए। **3 + 3 = 6**

**अथवा / OR**

"मानव भूगोल अस्थायी पृथ्वी तथा चंचल मानव के बीच पारस्परिक परिवर्तनशील सम्बन्धों का अध्ययन है।" इस कथन का परीक्षण कीजिए। **6**

*Describe the nature and scope of human geography.* **3 + 3 = 6**

*OR*

*"Human geography is the study of the changing relationship between the unresting man and the unstable earth." Examine this statement.* **6**

24. भारत में मलिन बस्तियों की समस्याओं का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। **6**

**अथवा / OR**

प्रवास को परिभाषित कीजिए तथा भारत में ग्रामीण से नगरीय क्षेत्रों में होने वाले प्रवास के कारणों का उल्लेख कीजिए। **2 + 4 = 6**

*Describe the problems of slum areas in India with examples.* **6**

*OR*

*Define migration and mention the causes of migration from rural to urban areas in India.* **2 + 4 = 6**

## [ मानचित्र कार्य / MAP WORK ]

25. भारत के दिए गए मानचित्र में उपयुक्त चिह्नों द्वारा निम्नलिखित को दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए : **1 × 5 = 5**

i) सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

ii) यमुना नदी के किनारे बसा एक प्रमुख महानगर। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

iii) लौह-अयस्क उत्पादन का एक प्रमुख क्षेत्र। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

iv) सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

v) तमिलनाडु का एक प्रमुख समुद्री पत्तन (बंदरगाह)। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

*Show the following by suitable symbols in the given map of India and write their names also:* **1 × 5 = 5**

i) State of minimum population density. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

ii) A main metropolitan city at the bank of Yamuna river. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

iii) One major iron-ore producing area. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

iv) State of maximum population. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

v) One major sea-port of Tamil Nadu. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

**[ केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर ]**

*[Only for Visually Impaired candidates in the place of Question No. 25]*

i) सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए। **1**

ii) यमुना नदी के किनारे बसा एक प्रमुख महानगर का नाम लिखिए। **1**

iii) लौह अयस्क उत्पादन के एक प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए। **1**

iv) सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य का नाम लिखिए। **1**

v) तमिलनाडु के एक प्रमुख समुद्री पत्तन (बन्दरगाह) का नाम लिखिए। **1**

*Write the answers for visually impaired:*

i) Write the name of the state of the minimum population density. **1**

ii) Write the name of a main metropolitan city at the bank of Yamuna river. **1**

iii) Write the name of one major iron-ore producing area. **1**

iv) Write the name of the state of maximum population. **1**

v) Write the name of one major sea-port of Tamil Nadu. **1**

26. विश्व के दिए गए रेखा-मानचित्र में उपयुक्त चिह्नों द्वारा निम्नलिखित को दर्शाइए एवं उनके नाम भी लिखिए : **$1 \times 5 = 5$**

i) एशिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

ii) विश्व में सबसे अधिक मानव विकास सूचकांक वाला देश। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

iii) संयुक्त राज्य अमेरिका में लौह-इस्पात उद्योग का एक प्रमुख क्षेत्र। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

iv) जापान के एक समुद्री पत्तन (बन्दरगाह) का नाम लिखिए। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

v) ग्रेट ब्रिटेन का सबसे बड़ा नगर। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

*Show the following by suitable symbols in the given outline map of world and write their names also:* **$1 \times 5 = 5$**

i) Country with the largest population in Asia. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

ii) Country with the highest value of human development index in the world. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

iii) One major area of iron and steel industry in U.S.A. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

iv) One sea-port of Japan. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

v) The largest city of Great Britain. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

**[ केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर ]**
*[Only for Visually Impaired candidates in the place of Question No. 26]*

i) एशिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश का नाम लिखिए। **1**

ii) विश्व में सबसे अधिक मानव विकास सूचकांक वाले देश का नाम लिखिए। **1**

iii) संयुक्त राज्य अमेरिका में लौह-इस्पात उद्योग के एक प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए। **1**

iv) जापान के एक समुद्री पत्तन (बन्दरगाह) का नाम लिखिए। **1**

v) ग्रेट ब्रिटेन के सबसे बड़े नगर का नाम लिखिए। **1**

*Write the answers for visually impaired:*

i) Write the name of the country with the largest population in Asia. **1**

ii) Write the name of the country with the highest value of human development index in the world. **1**

iii) Write the name of one major area of iron and steel industry in U.S.A. **1**

iv) Write the name of one sea-port of Japan. **1**

v) Write the name of the largest city of Great Britain. **1**

endenumerate